## एक नजर में

### पेंशनर संघ ने सेंधव दी जन्मदिन की बधाई



**देवास।** पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास ने भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव को उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके मुखर्जी नगर स्थित गेस्ट हाउस पर जा कर बधाई, शुभकामनाएं दी एवं शतायु होने की ईश्वर से प्रार्थना की। इसके पहले पूर्व संध्या पर सेंधव के अग्रज कमलसिंह टांक ब्लाक समन्वयक बी आर सी की अधिवार्षिकी अवधि पूर्ण होने पर आयोजित सेवा निवृत्ति बिदाई समारोह में चौबारा धीरा जाकर साफा पहनाकर शाल मोतियों की माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर संघ के संस्थापक संरक्षक एम एल मालवीय देवड़ा, जिला सचिव अरविन्द शर्मा, प्रदेश प्रतिनिधि ओ पी सोलंकी, सह कोषाध्यक्ष एम एल सोलंकी, गोवर्धनसिंह जलखेडिया, ने बधाई और शुभकामनाएं दी। संघ के जिला अध्यक्ष देवीशंकर तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मोहरी पूर्व तहसील अध्यक्ष छोटे लाल माली आदि सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

### मिश्रा की सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान

**देवास।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के सदस्य ऐश्वर्य कुमार मिश्रा के सेवानिवृत होने पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला देवास द्वारा अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री देवकृष्ण व्यास, पूर्व कोषाध्यक्ष उदल सिंह परमार, संभागीय सह सचिव श्रीमती राधा व्यास, अध्यक्ष दिनेश सिंह सिसोदिया , पूर्व संगठन मंत्री शिवेश शर्मा, संगठन मंत्री मोहनदास बैरागी, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष वसंत व्यास ,संकुल प्राचार्य अशोक साहू, ब्लॉक संगठन मंत्री मनोज बजाज, भगवान दास मेहता आदि उपस्थित थे।

### भारतीय स्टेट बैंक ने मनाया 70 वां स्थापना दिवस



**देवास।** 1 जुलाई को भारतीय स्टेट बैंक, शाखा टोंकखुर्द में स्टेट बैंक का 70 वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक, केक काटकर मनाया गया। शाखा में उपस्थित ग्राहक सीताराम जमनिया, कैलाश मंडलोई, रमेश चंद्र पटेल, संतोष पटेल, सत्यनारायण मंडलोई, मेहमूद पटेल, वासुदेव तिवारी एवं अन्य ग्राहकों का शाखा प्रबंधक अर्जुन सिंह जाट द्वारा स्वागत कर, भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष का संदेश प्रदान किया गया। शाखा में पदस्थ अन्य स्टाफ सुमित सिंह, प्रियंका आत्राम, राममिलन चौधरी, महेश अस्थाया, ऋषभ राठौर, माखन लाल चौधरी, धर्मेंद्र वर्मा द्वारा शाखा परिसर में पौधा रोपण भी किया गया। शाखा प्रबंधक अर्जुन सिंह जाट ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के साथ, राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए कटिबद्ध है।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सोलंकी को दी विदाई

**बागली।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में कार्यरत रामलाल सोलंकी का कार्यकाल पूर्ण होने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड बागली परिसर में विभागीय कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा विदाई समारोह के दौरान उनके द्वारा बागली में बिताए गए कर्मशील 36 वर्ष के विषय में चर्चा की इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ हेमंत सेठी, ललित भंडारी सब इंजीनियर वैष्णवी भावसार सब इंजीनियर संगीता छाबड़िया विकासखंड समन्वयक रवि व्यास हेमू तंवर सहित कई कर्मचारी और नागरिक उपस्थित रहे रामलाल सोलंकी के विषय में एसडीओ हेमंत सेठी ने बताया कि उन्होंने अपने हर कार्य को तत्परता से किया और उनकी कमी विभाग को जरूर रहेगी साथ ही बताया कि उनका शासकीय सेवा कल जरूर समाप्त हो गया लेकिन सामाजिक कार्य चलता रहेगा समय-समय पर विभाग को उनकी आवश्यकता होगी तो उनकी सेवा जरूर ली जाएगी।

### कथा वाचकों के साथ हुई घटना को लेकर दिया ज्ञापन

**देवास।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में हाल ही में भागवत कथा के दौरान कथावाचकों के साथ हुई अमानवीय घटना को लेकर पूरे देशभर में आक्रोश है। इसी कड़ी में देवास जिले के कलेक्टर ऑफिस में यादव अहीर समाज की नारायणी सेना देवास के संस्थापक सुनील यादव जिला अध्यक्ष संदीप यादव एवं समस्त जिला देवास की नारायणी सेना के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज किया। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सुनील यादव ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में कथावाचक मुकुट मणि और संत सिंह यादव के साथ दुर्व्यवहार किया। उन्हें बेरहमी से पीटा गया, उनकी चोटी काट दी गई, सिर मुंडवा दिया गया और एक महिला के पैरों में नाक रगड़वाई गई। यह सारी घटना वीडियो में रिकॉर्ड की गई, जो अगले दिन सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद इटावा पुलिस हरकत में आई और कथावाचकों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, विवाद यहीं नहीं थमा। कथावाचकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर दी गई, जिससे यादव और ब्राह्मण समाज के बीच टकराव की स्थिति बन गई। इस पूरे मामले से आक्रोशित नारायणी सेना ने देवास कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर नारायणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सजन यादव, कपिल यादव ओकर यादव,तहसील अध्यक्ष दीपक यादव, आंनद यादव, प्रदीप यादव, मोहन यादव,दशरथ यादव, रामेश्वर यादव,देवप्रसाद यादव, शिवम् यादव, विनोद यादव, जगदीश यादव, अशोक यादव,मुकेश पटेल, राकेश पटेल, हुकम यादव, कमल यादव, रामनारायण यादव,मनीष यादव, सागर यादव,जितेंद्र यादव , रवि यादव, महेश यादव, पंकज यादव, सुरेश यादव, श्याम यादव,प्रकाश यादव, विजेंद्र यादव, सुरेन्द्र यादव,दिलीप यादव, पवन यादव, बंटी यादव, मिथुन यादव, अजय यादव आदि उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में हुआ त्रिदिवसीय दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन

**देवास।** उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस श्री कृष्णा जी राव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में 1 जुलाई 2025 को त्रिदिवसीय दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन किया गया । मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष, मनीष पारीक एवं प्राचार्य डॉ एस.पी.एस राणा ने किया। महाविद्यालय के समस्त संकाय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आर.एस. अनारे, डॉ विद्या माहेश्वरी, डॉ रश्मि ठाकुर, डॉ राजेंद्र मराठा, डॉ संजय गाडगे, डॉ संजय बरोनिया एवं प्रो निधि नामदेव ने मंच साझा किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में डॉ माया ठाकुर एवं प्रो. निहारिका व्यास ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। डॉ संजय गाडगे ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। दिल्ली आईआई टी द्वारा संचालित एआई एण्ड एआई फिनटेक सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम की भी जानकारी दी । बी.एससी. हेल्थ केयर एवं बीएफएसआई जैसे नवीन संचालित पाठ्यक्रमों से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया और रोजगार की संभावनाओं पर भी संक्षेप में प्रकाश डाला। जन भागीदारी अध्यक्ष मनीष पारीक ने महाविद्यालय में प्रवेशित नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ राणा ने विद्यार्थियों को अपने सुनहरे सपने साकार करने के लिए नियमित अध्ययन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीप्ति ढवले ने किया एवं आभार डॉ रश्मि ठाकुर ने माना।

## एक ही परिवार के चारों लोगों व्दारा आत्महत्या मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार



मृतक राधेश्याम 51वर्ष मृतक रंगू बाई 47 वर्ष मृतक रेखा 16 वर्ष मृतक आशा 14 वर्ष



**देवास/ उदयनगर।** जिला पुलिस अधीक्षक पुनित गहलोद के मार्गदर्शन में थाना उदयनगर क्षैत्र के ग्राम पुतलीपुरा घोपघटटा में दिनांक 23 जून को मृतक राधेश्याम पिता मदन कन्नौजिया उम्र 50 साल निवासी ग्राम पुतलीपुरा ने अपने पुत्र के व्दारा गायत्री को भगाकर ले गया था जिस कारण से गायत्री के परिवार वाले व रिस्तेदार ममताबाई, रुकमाबाई, नरसिंह,भोलू, अनिता बाई, भेरु सिंह, रेवसिंह व्दारा परेशान करने के कारण परेशान होकर अपने परिवार के तीन सदस्यो पत्नी रंगुबाई पति राधेश्याम कन्नौजे जाति भिलाला उम्र 48 साल निवासी ग्राम पुतलीपुरा, आशा पिता राधेश्याम कन्नौजे जाति भिलाला उम्र 23 साल निवासी ग्राम पुतलीपुरा, रेखा पिता राधेश्याम कन्नौजे जाति भिलाला उम्र 21 साल निवासी ग्राम पुतलीपुरा के साथ मिलकर खरपतवार नाशक दवाई खा ली थी जो इंडैक्स आस्पताल इन्दौर में ईलाज के दौराने मृत्यु हो गई थी। उदयनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मर्ग जांच के दौरान अपराध कायम कर थाना प्रभारी थाना उदयनगर ने आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु थाने से टीमे गठित कि जिमसे उनि राकेश कुमार सिंह, उनि संजय सिंह भदौरिया, उनि बी एस भिलाला, प्रआर 521 मनीष मीना, प्रआर 580 प्रमोद मेहना, प्रआर 769 संतोष अहिरवार, म प्रआर सुनिता कवछे, आर 195 दीपक पटेल, आर 736 मगन बामनिया, आर 1002 अरुण गोर, आर 1018 शंकर सोलंकी, आर 496 सुधीर, आर प्रताप परिहार, आर 533 प्रियंका बारिया, सेनिक धनसिंह देवडा को आरोपी की तलाश हेतु रवाना किये गये। आरोपी की तलाश ग्राम पुतलीपुरा धोपघटटा, मगरादेह, पटाडीपाला, सोबल्यापुरा, रामपुरा व आरोपीयो के रिस्तेदार देवनलिया में तलाश कर आरोपी को अपराध कायम कर चंद घण्टे को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक देवास व्दारा टीम को नगद इनाम की घोषणा कि गई है।

**सराहनीय कार्यः-** थाना प्रभारी सुनीता कटारा, उनि राकेश कुमार सिंह, उनि संजय सिंह भदौरिया, उनि बी एस भिलाला, प्रआर 521 मनीष मीना, प्रआर 580 प्रमोद मेहना, प्रआर 769 संतोष अहिरवार, म प्रआर सुनिता कवछे, आर 195 दीपक पटेल, आर 736 मगन बामनिया, आर 1002 अरुण गोर आर 1018 शंकर सोंलंकी, आर 496 सुधीर, आर प्रताप परिहार, आर 533 प्रियंका बारिया, सेनिक धनसिंह देवडा का सरानीय योगदान रहा है।

### गिरफ्तार आरोपी

1 ममताबाई पति दिलीप जाति भिलाला उम्र 40 साल निवासी रामपुरा

2 रुकमाबाई पति नरसिंह जाति भिलाला निवासी सोबल्यापुरा पुंजापुरा

3 नरसिंह पिता रेवसिंह जाति भिलाला उम्र 35 साल निवासी ग्राम सोबल्यापुरा पुंजापुरा

4 अनिता पति भोलू मोर्य जाति भिलाला उम्र 35 साल निवासी सोबल्यापुरा पुंजापुरा

5 भेरुसिंह पिता रेवसिंह डोडवे जाति भिलाला उम्र 28 साल निवासी झाडकापुरा देवनलिया

## लायंस क्लब ने मनाया डॉक्टर डे एवं सीए डे



**देवास।** लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी एवं लायंस क्लब ऑफ देवास गोल्ड द्वारा संयुक्त रूप से देवास शहर के वरिष्ठ एवं समर्पित डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लायन डॉक्टर के के धूत, लायन डॉ योगेश वालिंबे, लायन डॉक्टर आरसी शर्मा, लायन डॉक्टर प्रकाश गर्ग, लायन डॉक्टर जे.एस. यादव, लायन डॉ. एम बी अग्रवाल, डॉ सुरेश चंद्र मुंद्रा, डॉ राकेश सक्सेना, डॉ पूनम भाटिया, डॉ अनुराधा देवकर, डॉ संध्या खरे, डॉ अंजुम गजधर, डॉ नमिता ठाकुर , डॉक्टर त्रिषिता राजनी, डॉ सुलभा रानी, डॉ सुषमा अरोरा, डॉ प्रतिभा श्रीवास्तव, डॉ हर्षा तिवारी, डॉ देवेंद्र राठौर का सम्मान किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसएम जैन, अशोक महाजन, मनीष राठी, राजेश सिंघी, श्रीमती प्रीति सिंघी एवं श्रीमती निधि राठी का मोतियों की माला एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन लायन मनोज बिंदल एवं आभार प्रदर्शन लायन हिना राठौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन ला.औसाफ कुरैशी एवं सफिया कुरैशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव ला.भगवान गोयल, ला.तरुणा जाट, कोषाध्यक्ष ला.अनिल नागर, ला.नेहा छाबड़िया, ला.आर.सी. पालीवाल, ला.दिनेश भूतड़ा, ला.शकुंतला बलवानी, ला.लक्ष्मी राव, ला.कल्पना सिंह, ला. डॉक्टर मोनिका राणा, ला.डॉक्टर समीर नईम, ला.आशा पटेल, ला.प्रीती जोशी, ला.अनामिका अग्निहोत्री, ला.अनीता राजपूत, ला.पूजा अरोरा, ला.महेंद्र नागर, ला.आर एस सोनी, ला.प्रमोद गुप्ता, ला.ओम बंसल, ला. एस के अग्निहोत्री, ला.ज्योति सिंह, ला.सपना सिंह, ला.आराधना तिवारी, ला.अरुणा सोनी, ला.अभिलाषा शर्मा आदि उपस्थित थे।

## वृद्ध पिता को मानसिक रोगी बताकर संपत्ति हड़पने का प्रयास

### परिजनों को झूठे केस में फंसाया जिलाधीश को की शिकायत

**देवास।** जिले के हाटपिपल्या से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहां पारिवारिक जमीन के विवाद में वृद्ध स्वस्थ पिता को मानसिक रोगी बताकर सहमति से पारिवारिक बंटवारे के बावजूद अपने वृद्ध पिता और सगे भाई को पिता की अचल संपत्ति से वंचित किया जा रहा था। कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में आवेदक अजय सिंह ने आवेदन देकर उक्त जानकारी से अवगत कराया। जिसमें बताया गया कि सुरजसिह के दो पुत्र चेतनसिह और आनंद सिंह के बीच उनकी परीवारिक अचल संपत्ति का नोटराइज्ड बंटवारा पुरे परिवार की उपस्थिति में कर दिया गया था। जिस पर आनंद सिंह द्वारा लालच के चलते बंटवारे से बाहर जाकर चेतनसिह के हिस्से में आई भुमि ग्राम नीमखेडा तहसील उदयनगर का विक्रय कर संपुर्ण राशि अपने बैक खाते से ले ली। जिसपर चेतनसिह को जानकारी मिलने पर राजस्व और पुलिस प्रशासन में शिकायत दर्ज करवाई लेकिन आनंद सिंह द्वारा तहसीलदार उदयनगर से मिलकर आपत्ति की सुनवाई किए बगैर नामांतरण कर दिया इस पर आनंद सिंह ने पुलिस प्रशासन से मिलकर चेतनसिह और उनके दोनों पुत्रो के विरुद्ध फर्जी रजिस्ट्री की कायमी करवा दी। जबकि मामला कहीं से कही तक फौजदारी का नही होकर सिविल प्रकृति का है। इस पर पुलिस से मिलकर आनंदसिह द्वारा चेतनसिह और उसके परिवार को बहुत प्रताड़ित किया गया। चेतनसिह और उसके पुत्रों की जमानत रद्द करवाने के लिए एक अन्य प्रकरण भी उपर से कायम करवा कर न्यायालय में जमानत रद्द करने का आवेदन दे दिया।

## आलस्य ही आत्मा को परमात्मा बनने में अवरोध पैदा करता है : साध्वीजी

### साध्वीजी तत्वरसा श्रीजी का नगर प्रवेश संपन्न



**देवास।** श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में चातुर्मास हेतु पदार्पण कर रहे साध्वीजी तत्वरसा श्रीजी के नगर प्रवेश की भव्य यात्रा आयोजित की गई। चम्पापुरी वासुपूज्य धाम से मुनिसुव्रत स्वामी वीरमणि धाम तक यह भव्य यात्रा निकाली गई। इस वर्ष साध्वीजी श्री तत्वरसा श्रीजी, तत्वश्रेया श्रीजी, तत्वसम्प्रज्ञा श्रीजी, तत्वश्रमणा श्रीजी आदि ठाणा चार का चातुर्मास संपन्न होने जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन, महिला पुरूष उपस्थित रहे। प्रभु एवं गुरूदेव की जय जयकार के गगनभेदी नारों के साथ साध्वीजी की अगवानी एवं स्वागत किया गया। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि 1 जुलाई मंगलवार को सुबह 7.30 बजे चम्पापुरी धाम पंचशील नगर में नवकारशी के पश्चात नगर प्रवेश की भव्य यात्रा प्रारंभ हुई जो कि भ्रमण करते हुए श्री मुनिसुव्रत स्वामी वीरमणि धाम सिविल लाईन्स पर विशाल धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हुई। धर्मसभा को उपदेशित करते हुए साध्वीजी ने कहा कि आत्मसाधना करने में, धर्म ध्यान करने में एवं आत्मा को कल्याणमार्ग पर प्रशस्त करने वाली क्रियाओं में कभी भी प्रमाद यानी आलस्य मत करो। अर्थात संसार की सभी क्रियाएं करते हुए भी अपने आप को एवं अपनी शाश्वत आत्मा को मत भूलो। हमारी आत्मा किन उपायों से पुष्ट बनेगी उसका प्रतिपल ध्यान रखना होगा। उत्तराध्ययन सूत्र में प्रभु महावीर स्वामी ने भी अपने प्रधान शिष्य गौतम स्वामीजी को सम्बोधित करते हुए कहा है कि हे गौतम एक समय मात्र का भी प्रमाद आलस्य मत करो। प्रभु ने कभी भी खाने पीने, घूमने फिरने, भौतिक सम्पदा खड़ी करने या इंद्रियों के सुख भोगने में आलस्य नहीं करने की बात नहीं कही। प्रभु ने तो आत्मकल्याण एवं धर्म आराधना में प्रतिरोध बनने वाले आलस्य प्रमाद को दूर हटाने की बात कही है। क्योंकि आलस्य ही आत्मा को परमात्मा बनने में अवरोध पैदा करता है। जिस प्रकार घास के अग्रभाग पर ओस के जल का बिंदू चमकता है किंतु उसकी चमक सूर्य की किरण पडने तक ही ठहरती है फिर सूख जाती है। उसी प्रकार मनुष्य का जीवन अल्पकालिक है, हम सभी को प्रमाद का त्याग करके जीवन के प्रत्येक पल का सदकार्यो में सदुपयोग करना चाहिये क्योंकि जीवन क्षणिक है न जाने किस वक्त समाप्त हो जाएगा।

#### आगामी आयोजन

मुनिसुव्रत स्वामी वीरमणि उपाश्रय सिविल लाईन में चार दिवसीय प्रवचन श्रृंखला का भी शुभारंभ हुआ जो कि 4 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9.15 बजे प्रारंभ होगी। 6 जुलाई रविवार को पूज्यश्री का चातुर्मासिक प्रवेश होगा।

## भाजपा जिला अध्यक्ष का किया स्वागत



**भौरासा।** भाजपा के जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव के जन्मदिवस के अवसर पर देवास जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने देवास जिला कार्यालय आकर श्री सैंधव को पुष्पमाला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी। इसी कड़ी में भोरासा नगर से कार्यकर्ताओं ने भी देवास जिला कार्यालय जाकर पुष्प माला एवं आतिशबाजी कर बधाई दी।

इस अवसर पर जनपरिषद मालवा के संयोजक जितेन्द्र पुरोहित, भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंत्री अनिल चावड़ा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रमोद पालीवाल, पिछड़ा मोर्चा जिला मंत्री नरेंद्र माली, मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद् सेठी, पूर्व पार्षद गोरधन बोडाना सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनकर बधाई प्रेषित की गई



## उद्योग श्रमिकों ने भाजपा जिलाध्यक्ष सेंधव को दी बधाई

**देवास।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बंधित इंजीनियरिंग श्रमिक संगठन के महामंत्री महेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव के जन्मदिवस कार्यक्रम में औद्योगिक क्षेत्र के गाजरा गियर्स, मगध इंजीनियरिंग, दीप इंजीनियरिंग, सानो इंडिया, आयशर, क्रिलोस्कर, जी.जी आटोमेटिव, मंगला इंजीनियरिंग आदि उद्योगों के श्रमिकों व यूनियनों के पदाधिकारियों ने भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष जनार्दन पैठनकर, एवं श्रमिक नेता रामभानसिंह के नेतृत्व में पुष्पमालाओं से रायसिंह सेंधव कास्वागत किया। इस अवसर पर श्री सेंधव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर रहेगी। स्वागत समारोह में गजरा गियर्स के दिलीप सोनी, सुरेन्द्र चौधरी, प्रमोद त्रिपाठी, मगध इंजीनियरिंग कमलेश यादव, सुरेश पांडे, हीरालाल पटेल, नारायण वर्मा, राधेश्याम किसनिया, जनार्दन चौरसिया, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय मजदूर संघ ने किया डॉक्टरों का सम्मान



**देवास।** डॉक्टर्स डे पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा डॉक्टरों का सम्मान किया गया। भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री अमित पांडे ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए समाज सेवकों का सम्मान करता है। इसी कड़ी में डॉक्टर्स डे के अवसर पर नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. कमल किशोर प्रजापति, गायनोलॉजिस्ट डॉ. मनोज एवं मनोचिकित्सक डॉ. धर्मेन्द्र प्रजापति, सीनियर आडियोलॉजिस्ट डॉ. सुधीर पांडे का राम दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय, जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़, धर्मेन्द्र यादव, योगेश शर्मा, विशाल पाटीदार, अनिल सोनी, अंतिम पाटीदार, नंदन कुमार, निष्ठा पांडे, ओजस पांडे और पूर्वी पांडे उपस्थित रहे।

**एक नजर** पुत्र ने पिता को अन्य महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था

## पिता ने की थी पुत्र की जघन्य हत्या, न्यायालय ने दिया आजीवन कारावास

**देवास।** दो वर्ष पूर्व पिता को पुत्र ने अन्य महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था, जिसके बाद पिता ने पुत्र की जघन्य रुप से हत्या कर दी थी। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन था, कल इस मामले में न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए आरोपी पिता को आजीवन कारावास से दंडित किया। इस मामले को लेकर आज पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर प्रकरण का खुलासा किया।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने बताया कि दो वर्ष पूर्व 7 दिसंबर 2022 को बरोठा थाना अंतर्गत ग्राम बांगरदा में आरोपी मोहनलाल पिता रामचंद्र चौहान को उसके पुत्र हरीओम ने अन्य महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इसके बाद महिला द्वारा हरीओम को रास्ते से हटाने और ऐसा नहीं करने पर आत्महत्या का दबाव बनाया जा रहा था। जिस पर आरोपी पिता ने पुत्र का रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और दोनों हाथ दराते से काटकर खेत पर बने बोरवेल में फैंक दिए थे। पुलिस ने धारा 302, 201,120-बी, 109, 34 में प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया था। पुलिस ने दो दिनों में 9 दिसंबर 2022 को आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया था। प्रकरण में 15 मार्च 2023 को पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया था। तब से प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन था। कल इस प्रकरण की सुनवाई न्यायाधीश ने की जिसमें आरोपी पिता मोहनलाल को आजीवान कारावास से दंडित कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रकरण के यायालय में विचारण के दौरान न्यायालय द्वारा जारी समस्त आदेशिकाओं की तामीली समय से कराई गई। प्रकरण के पैरवीकर्ता जिला लोक अभियोजक गोविंद प्रसाद घाटिया द्वारा अभियोजन की उत्कृष्ट व सटीक पैरवी कर पक्ष मजबूती से रखा। साथ ही उक्त प्रकरण में विवेचक की उत्कृष्ट विवेचना के फलस्वरुप प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश आदेश कुमार जैन ने आरोपी मोहनलाल पिता रामचंद्र चौहान को जघन्य अपराध कारित करने पर आजीवन कठोर कारावास व 2 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है।

### ऐसे की थी पुत्र की हत्या

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी मोहनलाल की दो पत्नियां थी। एक पत्नी कई साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी, वह अपने बेटे के साथ वर्तमान में इंदौर में रह रही है। दूसरी पत्नी बांगरदा में ही रहती है जो मानसिक रूप से बीमार है। मृतक हरिओम दूसरी पत्नी से इकलौता बेटा था, उसकी एक बहन भी है। इस मामले को लेकर बताया गया है कि 2 दिसंबर 2022 की रात को हरिओम ने अपने पिता व महिला को आपत्तिजनक हालत में देखा था, इसके बाद से ही महिला उसे रास्ते से हटाने की बात मोहनलाल से कहने लगी थी। 4 दिसंबर की देर रात करीब ढाई बजे मोहनलाल खेत में सिंचाई करने का बहाना करके हरिओम को अपने साथ ले गया। खेत पर बने खेत मालिक के मकान की छत पर हरिओम को ले जाकर मोहनलाल ने मारपीट करते हुए रस्सी से गले में फंदा डालकर नीचे लटका दिया। बाद में रस्सी को काटा, उस समय तक हरिओम की मौत नहीं हुई थी। उसे लेकर खेत की ओर गया और दराते की मदद से उसके हाथ काट दिए और हरिओम की शर्ट में लपेटकर बोरवेल में डाल दिए। बाद में शव को खेत के समीप झाड़ियों में फेंक दिया।

### पुत्र को अवैध संबंध का पता चल गया था

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने बताया कि दो वर्ष पूर्व 7 दिसंबर 2022 को बरोठा थाना अंतर्गत मोहनलाल पिता रामचंद्र चौहान ने अपने ही पुत्र की जघन्य हत्या कर दी थी। आरोपी के अवैध संबंध किसी महिला से थे जब इसकी बात बेटे को पता चली तो उसी बात को लेकर पिता पुत्र में विवाद हुआ और पिता ने अपने पुत्र का गला रस्सी से घोंट कर उसकी हत्या कर दोनों हाथों को काटकर बोरवेल में फेंक दिया था। यह जघन्य हत्याकांड था, जिसमें व्यापक रुप से जनमानस को प्रभावित किया। पुलिस अधीक्षक ने उल्लेखनीय कार्य करने वाली टीम को प्रशंसित करते हुए आगामी प्रकरणों में और अधिक दता से कार्य करन के लिए प्रेरित किया। न्यायालय में चिन्हित प्रकरण के विचारण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, उप पुलिस अधीक्षक (एल/आर) संजय शर्मा, तत्कालीन बरोठा थाना प्रभारी प्रदीप राय, थाना प्रभारी अजय सिंह गुर्जर व कोर्ट मोहर्रिर के रुप में आर विष्णु कचनार, कोर्ट मुंशी अशोक डिंडोर व वारंट मुंशी विकास आस्के का सराहनीय कार्य रहा।